**M.A. (PART-II)**
**- HINDI -**
**MODERN POETRY**
**(PAPER – II) (JAN- 2020)**



**Q. P. Code: 40810**

(समय ३ घंटे) अंक : १००

सूचना : (१) प्रथम तथा अंतिम प्रश्न अनिवार्य है I
(२) शेष प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए I

**१. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्ही चार की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए I** ४०

(क) "कोमल किसलय के अंचल में, नन्हीं कलिका ज्यों छिपतीसी
गोधूली के धूमिल पट में, दीपक के स्वर में दिपतीसी
मंजुल स्वप्नों की विस्मृति में, मन का उन्माद निखरता ज्यों।
सुरभित लहरों की छाया में, बुल्ले का विभव बिखरता ज्यों।

(ख) देखते देखा मुझे तो एक बार
उस भवन की ओर देखा, छिन्न तार;
देखकर कोई नहीं,
देखा मुझे उस दृष्टि से
जो मार खा रोई नहीं,
सजा सहज सितार,
सुनी मैंने वह नहीं जो थी सुनी झंकार

(ग) तेजो प्रभामय उसका ललाट देख
मेरे अंगअंग अजीब एक थरथर-
गौरवर्ण, दीप्तदृग-, सौम्यमुख-
सम्भावित स्नेहरूप देखकर-सा प्रिय
विलक्षण शंका,
भव्य आजानुभुज देखते ही साक्षात्
गहन एक संदेह।

(घ) जिन शिखरों की
हेममज्जित उंगलियों ने
निर्विकल्प इंगित से
जिस निर्व्यास उजाले को
सतत झलकाया है—
उस में जो छाया मैंने पहचानी है
तुम्हारी है।



D8DA2605BD6BEB5F15497F6A139FD4BE

(च) न्यायोचित अधिकार माँगने से न मिलें, तो लड़ के,
तेजस्वी छीनते समर को जीत, या कि खुद मरके।
किसने कहा, पाप है समुचित सत्वहित लड़ना – प्राप्ति ?
उठा न्याय क खड्ग समर में अभय मारनामरना ?

(छ) समय बहुत कम है तुम्हारे पास
आ चला पानी ढहा आ रहा अकास
शायद पुकार ले कोई पहचाना ऊपर से देखकर

२. कामायनी की दार्शनिकता पर प्रकाश डालिए I १०

३. राम की शक्ति पूजा में भाव और भाषा का अद्भुत समन्वय है ,इस कथन को स्पष्ट कीजिए I १०

४. 'एक भूतपूर्व विद्रोही का आत्मकथन' कविता में कवि के विचार व्यक्त कीजिए I १०

५.अज्ञेय के काव्य में चित्रित प्रकृति चित्रण पठित रचनाओं के आधार पर प्रस्तुत कीजिए I १०

६. कुरुक्षेत्र के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए I १०

७.अरुण कमल की रचनाओ पर वर्तमान समाज का प्रभाव है,इस कथन की समीक्षा कीजिए I १०

**८.(अ) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए** – **१०**

१. कामायनी में श्रद्धा किसका प्रतीक है ?

२. कामायनी का आरम्भ किस सर्ग से होता है ?

३. सरोज स्मृति किस प्रकार का गीत है ?

४. नवाब ने गुलाब कहाँ से मंगवाए थे ?

५. अँधेरे में किसकी कविता है ?

६. मुक्तिबोध का पूरा नाम लिखिए I

७. दिनकर को किस कवि के रूप में जाना जाता है ?

८. दिनकर के अनुसार युद्ध क्या है ?

९. दाना कविता के कवि का नाम लिखिए I

१०. किसका अन्न निगलना कठिन है ?



D8DA2605BD6BEB5F15497F6A139FD4BE

**(ब) निम्नलिखित में से सही विकल्प चुन कर उत्तर लिखिए –** **१०**

(१ ) समरस थे जड या चेतन सुंदर साकार बना था ..कामायनी के किस सर्ग की पंक्ति है -

क-चिंता ख-लज्जा ग -आनन्द घ -आशा

(२) कामायनी में कितने सर्ग हैं ?

क- १७ ख- १८ ग -१६ घ -१५

(३) गुलाब किसका प्रतीक है

क – शोषक का ख खुशियों का ग बहार का घ प्रेम का

(४) दुःख ही जीवन की कथा रही -किस कवि ने कहा है ?

क- अज्ञेय ख-निराला ग- प्रसाद घ -मुक्तिबोध

(५) नई राहों के अन्वेषी कौन हैं ?

क-मुक्तिबोध ख अज्ञेय ग निराला घ प्रसाद

(६ ) मुक्ति बोध की रचना नही है

क चाँद का मुह टेढ़ा है ख- साए में धूप

ग-सतह से उठता आदमी घ – काठ का सपना

(७) एक भूतपूर्व विद्रोही के आत्मकथन में पुराना महल किसका प्रतीक है ?

क -उच्च वर्गीय विलासिता का ख- क्रन्तिकारी का ग- परोपकार का घ- खंडहर का

(८ ) कुरुक्षेत्र में कर्ण का दूसरा नाम क्या है

क- शोधेय ख- गोपेय ग – राघेय घ – बोधेय

(९ ) अरुण कमल की रचना नही है

क- दाना ख- हाट ग – घोषणा घ - कुकुरमुत्ता

(१० ) नए इलाके में रचना प्रकाशित हुई

क-१९८६ ख-१९९६ ग-१९५६ घ -१९७६

***********



D8DA2605BD6BEB5F15497F6A139FD4BE

**M.A. (PART-II)**
**- HINDI -**
**LINGUISTICS & HINDI LANGUAGE. (REV)**
**(PAPER – IV) (JAN- 2020)**

**[समय: 3 घंटा]** **[गुण:१००]**

**सूचना:** 1) **अंतिम प्रश्न अनिवार्य हैं।**
2) **शेष छह प्रश्नों में से पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

प्र .१ भाषा की परिभाषा देते हुए भाषा के अभिलक्षणों पर चर्चा कीजिए। **१६**

प्र .२ हिंदी स्वर ध्वनियों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए। **१६**

प्र .३ मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा प्राकृत का सामान्य परिचय दीजिए। **१६**

प्र .४ अर्थ परिवर्तन के कारण लिखिए। **१६**

प्र .५ संज्ञा में रूपांतर के आधार प्रस्तुत कीजिए। **१६**

प्र .६ देवनागरी लिपि की सामान्य विशेषताएँ लिखिए। **१६**

प्र .७ अ) एक पंक्ति में उत्तर लिखिए। **१०**

1) भाषा की परिभाषा लिखिए।
2) स्वनिम के भेदों के नाम लिखिए।
3) गुरुमुखी लिपि में कौन सी भाषा लिखी जाती हैं ?
4) शौरसेनी अपभ्रंश से किस भाषा का विकास हुआ हैं ?
5) ऋग्वेद किस भाषा का ग्रंथ हैं ?
6) रूपिम की परिभाषा लिखिए।
7) हिंदी की व्यंजन ध्वनियाँ कितनी हैं ?
8) सर्वनाम में किन आधारों पर रूपांतर होता हैं ?
9) देवनागरी किस लिपि से विकसित हुई हैं ?
10) द्रविड़ परिवार की चार भाषाओं के नाम लिखिए।



8136E2665A82092209B7DBF2A37A1352

आ) सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए | १०

१) निम्न में से कौनसा भाषा विज्ञान का प्रकार नहीं हैं ?

१) सामान्य भाषाविज्ञान २) वर्णनात्मक

३) व्यतिरेकी भाषा विज्ञान ४) अंतरणता

२) कौन-सा व्यंजन ओष्ठ्य व्यंजन हैं |

१) ग २) ज ३) म ४) त

३) वाक्य विज्ञान का अंग्रेजी शब्द हैं |

१) Wordology २) syntax ३) Morphology ४) Discour sology

४) महाप्राण व्यंजन नहीं हैं |

१) ख २) घ ३) ठ ४) त

५) 'राम खा रहा है |' किस प्रकार का वाक्य है ?

१) सरल वाक्य २) मिश्र ३) संयुक्त ४) इनमें से कोई नही

६) 'श्री गणेश करना' में कौन सी अर्थ परिवर्तन की दिशा है ?

१) अर्थ विस्तार २) अर्थ संकोच ३) अर्थादेश ४) इनमें से कोई नही

७) इनमें से समासरहित शब्द है |

१) दु:ख २) आजन्म ३) भाई-बहन ४) पंचपात्र

८) 'गुंडापन' शब्द किस संज्ञा का उदाहरण है ?

१) व्यक्तिवाचक २)जातिवाचक ३) समूहवाचक ४) भाववाचक

९) 'कोंकणी' किस प्रांत की राज्यभाषा है ?

१) महाराष्ट्र २) केरल ३) गोवा ४)पंजाब

१०) 'ने' किस कारक की विभक्ति है ?

१) कर्ता २) करण ३) संप्रदान ४) अधिकरण

***************



8136E2665A82092209B7DBF2A37A1352

**M.A. (PART-II)**
**- HINDI -**
**POETIC LITERATURE OF LITERARY CRITICISM**
**(PAPER – VI) (JAN- 2020)**

**Q.P. Code :28145**

**[समय: ३ घंटे]** **[कुल अंक: १००]**

Please check whether you have got the right question paper.

**सूचना:** १) **सभी प्रश्न अनिवार्य है |**

१) 'रस निष्पति' विषयक विभिन्न मतों को प्रस्तुत कीजिए | **(१६)**

२) 'रीति सिद्धांत' की प्रमुख स्थापनाओं को विशद कीजिए | **(१६)**

३) 'ध्वनि सिद्धांत' के स्वरूप पर प्रकाश डालिए | **(१६)**

४) रामचंद्र शुक्ल कि साहित्य विषयक मान्यताओं की चर्चा कीजिए | **(१६)**

५) प्लेटो के काव्य विषयक चिंतन की समीक्षा कीजिए | **(१६)**

६) 'निर्वैयक्तिकता सिद्धांत' के महत्त्व को समझाइए | **(१६)**

७) उदात्त की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए | **(१६)**

८) अ) निम्नलिखित विषयों पर पाँच से दस वाक्य लिखिए | **(१०)**

१. रस के अवयव
२. मार्क्सवाद
३. संरचनावाद
४. अलंकार के प्रकार
५. वक्रोक्ति कि परिभाषा

ब) सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(१०)**

१) भामह किस प्रकार के आचार्य है ?
१. रसवादी २. ध्वनिवादी
३. अलंकारवादी ४. रीति परंपरा के

२) 'काव्यप्रकाश' किसकी रचना है ?
१. दंडी २. मम्मट
३. राजशेखर ४. गुणरत्न

३) रीति के कितने भेद है ?
१. दो २. तीन
३. चार ४. पाँच



17B2FC4B9A416F510D186A87353CC6F7

**Q.P. Code :28145**

४) रस के क्षेत्र में 'भुक्तिवाद' का सिद्धांत किसका है ?
१. भट्ट लोलट २. शंकुक
३. भट्ट नायक ४. अभिनव गुप्त

५) 'नाट्यशास्त्र' के रचयिता कौन है ?
१. भारत मुनि २. भामह
३. दंडी ४. पंडित जगन्नाथ

६) 'जॉक देरिदा' का संबंध किससे है ?
१. स्वछंदतावाद २. अस्तित्ववाद
३. उत्तर आधुनिकता ४. आधुनिकता

७) "कविता व्यक्तित्व से पलायन है" किसका कथन है ?
१. वर्ड्सवर्थ २. टी. एस. एलियट.
३. अरस्तू ४. लोंजाइनस

८) 'दी मीनिंग ऑफ़ मीनिंग' किसकी रचना है ?
१. क्रोंचे २. प्लेटो
३. कोलरिज ४. रिचर्ड्स

९) स्वछंदतावाद का संबंध किससे है ?
१. वर्ग – संघर्ष २. कल्पना प्रवणता
३. एतिहासिक भौतिकवाद ४. क्रांति का सिद्धांत

१०) 'संरचनावाद' का संबंध किससे है ?
१. सोस्युर २. मार्क्स
३. फ्रायड ४. देरिदा

************



17B2FC4B9A416F510D186A87353CC6F7

**M.A. (PART-II)**
**- HINDI -**
**MASS COMMUNICATION**
**(PAPER – VIII) (JAN- 2020)**

कुल अंक : १००

**सूचना :**

१. अंतिम प्रश्न अनिवार्य है
२. शेष प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर लिखिए
३. दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक हैं

१. संचार प्रक्रिया के तत्त्वों का सोदाहरण परिचय दीजिए| १६
२. जनसंचार माध्यम के रूप में फिल्म माध्यम का महत्त्व स्पष्ट कीजिए| १६
३. समाचार पत्रों के राजनैतिक दायित्व का विश्लेषण कीजिए| १६
४. दूरदर्शन माध्यम में विज्ञापन की भूमिका पर प्रकाश डालिए| १६
५. आकाशवाणी की भाषा की समीक्षा कीजिए| १६
६. पटकथा लेखन के बुनियादी तत्त्वों पर प्रकाश डालिए| १६
७. उपन्यास के दृक-श्राव्य रूपांतर के मूलभूत कारकों का विश्लेषण कीजिए| १६

८.(अ) निम्नलिखित विषयों पर पाँच से दस वाक्यों में टिप्पणीयाँ लिखिए : १०

क. रेडियो वार्ता ख. वृत्तचित्र लेखन
ग. रिपोर्ताज घ. सिनेमा की भाषा

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर एक वाक्य में उत्तर लिखिए: १०

१. संचार प्रक्रिया का अंग नहीं है –

i. संदेश ii. फीडबैक
iii. प्रेषक iv. उपभोक्ता

२. मुद्रित माध्यम नहीं है –

i. अखबार ii. पत्रिका
iii. पोस्टर iv. ई-पुस्तक

३. आकाशवाणी की स्थापना किस वर्ष हुई?

i. १९३६ ii. १९३७
iii. १९३८ iv. १९३९

४. भारत की पहली बोलती फिल्म का नाम क्या था?

i. राजा हरिश्चंद्र ii. अयोध्येचा राजा
iii. आलम आरा iv. सावकारी पाश



17B2FC4B9A416F510D186A8735CE1907

५. भारत में रंगीन टेलीविजन की शुरुआत कब से हुई?

i. १९८०
ii. १९८१
iii. १९८२
iv. १९८३

६. मुगल-ए-आजम फिल्म के लेखक नहीं थे –

i. कमाल अमरोही
ii. के.आसिफ
iii. वजाहत मिर्ज़ा
iv. नौशाद

७. इंटरनेट नेटवर्क का आरंभ किस दशक में हुआ?

i. १९६०
ii. १९७०
iii. १९८०
iv. १९९०

८. इनमें कौन अलग क्षेत्र से है –

i. देवकीनंदन पांडे
ii. अमीन सयानी
iii. हरीश भिमाणी
iv. सुधीर पांडे

९. इनमें पटकथा लेखक नहीं है –

i. सलीम खान
ii. जावेद अखतर
iii. रंजीत कपूर
iv. पंकज कपूर

१०. कौन-सी रचना रिपोर्ताज है –

i. ऋणजल धनजल
ii. अरे यायावर रहेगा याद
iii. शृंखला की कड़ियाँ
iv. मेरी लद्दाख यात्रा

*************



17B2FC4B9A416F510D186A8735CE1907